(b) whether Government propose to include the above in the Annual Plans for the years 1992-94; and

(c) if so, the details thereof?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (KUMARI GIRIJA VYAS): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) Whereas the low power TV transmitter presently under implementation at Khamgaon is expected to be commissioned into service by the end of the current financial year, those at Akot and Akluj are expected to be commissioned into service during 1993-94.

**विज्ञापनों पर व्यय की गई राशि**

@ 4305. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ भीम अफजल** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 1991–92 के दौरान सरकार द्वारा विज्ञापनों पर कितनी राशि व्यय की गई और उसका भाषावार ब्यौरा क्या है ?

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास)** : 1991–92 के दौरान सरकार द्वारा विज्ञापनों पर भाषावार व्यय की गई राशि का ब्यौरा इस प्रकार है :

**सरकार द्वारा 1991–92 के दौरान विज्ञापनों पर भाषावार व्यय की गई राशि**

| क्रम संख्या | भाषा | कुल राशि (रुपयों में) |
|---|---|---|
| 1. | अंग्रेजी | 8,82,84,356.00 |
| 2. | हिन्दी | 6,65,08,844.00 |
| 3. | उर्दू | 97,78,363.00 |
| 4. | पंजाबी | 60,73,918.00 |
| 5. | मराठी | 1,33,88,180.00 |
| 6. | गुजराती | 80,76,155.00 |
| 7. | सिन्धी | 5,18,244.00 |
| 8. | असमिया | 17,68,736.00 |
| 9. | बंगला | 1,16,72,781.00 |
| 10. | उड़िया | 34,59,288.00 |
| 11. | तमिल | 66,73,358.00 |
| 12. | तेलगू | 28,40,188.00 |
| 13. | मलयालम | 87,49,789.00 |
| 14 | कन्नड़ | 32,46,885.00 |
| 15 | संस्कृत | 27,373.00 |
| 16 | नेपाली | 2,88,020.00 |
| 17 | मिजो | 82,570.00 |
| 18 | खासी | 36,248,00 |
| 19 | कोंकणी | 34,528,00 |

@पूर्वत : अतारांकित **प्रश्न** 3394, 16 **दिसम्बर, 1992 से स्थानातरित।**

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय के विभिन्न विभागों में भ्रष्टाचार**

4306. **चौधरी हर मोहन सिंह** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अन्तर्गत उपक्रमों/संगठनों में भ्रष्टाचार के मामलों की सूचना मिली है ;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों में कितने अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई और उनमें से कितनों को नौकरी से निकाला गया है ;

(ग) क्या यह सच है कि भ्रष्टाचार तथा कदाचारों के आरोप में केवल स्थानांतरण की सजा दी गई है ; और

(घ) भ्रष्टाचार एवं कदाचारों में लिप्त अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्य-